# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 08.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 08.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** माननीय गृहमंत्री जी भारत सरकार एवं माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दिनांक 15.06.2025 को आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती 2023 के अंतर्गत चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए जाने है जिसके संबंध में आज दिनांक 08.06.025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा जनपद चित्रकूट से चयनित अभ्यर्थियों को पुलिस लाइन स्थित सभागार में लखनऊ कार्यक्रम स्थल आवागमन हेतु ब्रीफ किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जनपद से चयनित सभी 115 अभ्यर्थियों को सूचित किया गया था जिसमें से आज यहां 97 अभ्यर्थी उपस्थित हुए है। सभी को बताया गया कि प्राप्त आदेश निर्देशानुसार सभी चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में अपने साथ पहचान पत्र यथा प्रवेश पत्र,आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस,पेन कार्ड आदि साथ रखेंगे,चयनित अभ्यर्थी में पुरुष अभ्यर्थियों को फुल स्लीव सफेद शर्ट,यथासंभव खाकी पेंट,काले जूते, दाढ़ी/बाल कटे हुए तथा महिलाओं को बिना प्रिंट वाले सलवार शूट अथवा साड़ी तथा समस्त अभ्यर्थियों को सफेद रंग की फोरेज कैप धारण करना है। सभी को यहां से बस के द्वारा ले जाया जाएगा सभी समय से आ जाएंगे और लखनऊ कार्यक्रम स्थल तक जाने व आने में उच्च कोटि का अनुशासन बनाए रखेंगे।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्री अरविन्द्र वर्मा,प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण,पीआरओ श्री प्रदीप पाल उपस्थित रहे।

**(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 15 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।**

(1). प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी व उ0नि0 श्री बालकिशन, आरक्षी जीतेन्द्र मौर्या,महिला आरक्षी रेखा भारती द्वारा वाद सं0 519/2023 धारा 307 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त अरविन्द्र कुमार पटेल पुत्र स्व0 धर्मराज पटेल उर्फ अनुसुईया निवासी तालातीर मजरा मडैयन थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट तथा केस न0 19/016 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट के वारण्टी अभियुक्त लाला कोल पुत्र रामसुख कोल निवासी ग्राम गब्देलहा थाना बहिलपुरवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(2).उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्या चौकी सीतापुर व आरक्षी जयप्रकाश , रक्षी रवि शंकर,आरक्षी अनुज यादव द्वारा मुकदमा नंबर 3482/ 2008 धारा 323,504.506 भादवि के वारंटी अभियुक्त बिहारी लाल निषाद पुत्र चुनवदिया उर्फ चुनबुदिया निवासी टिकुरा कपसेठी कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(3). उ0नि0 श्री विजय कुमार, उ0नि0 श्री किशन कुमार कोतवाली कर्वी द्वारा मुकदमा नंबर 4504/15 धारा 147,504,506 भादवि के वारंटी अभियुक्त सुनील पुत्र सुख वन निवासी चकजाफर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(4). उ0नि0 श्री हर्षित मिश्रा, उ0नि0 श्री विनय कुमार कोतवाली कर्वी द्वारा स्पेशल केस नं 9/18 धारा 394,504,411 धारावी के वारंटी अभियुक्त बच्चा उर्फ साहिल राज यादव पुत्र छत्रपाल यादव निवासी प्लॉट नंबर 14 लोढ़वारा कॉलोनी चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(5). उ0नि0 श्री गौरव तिवारी, उ0नि0 श्री अनुभव वर्मा कोतवाली कर्वी द्वारा एनडीपीएस नंबर 9/19 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के वारंटी अभियुक्त विजय द्विवेदी पुत्र कन्हैया लाल द्विवेदी निवासी कोठी तालाब हाल पता कसहाई रोड कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(6). उ0नि0 श्री मेवालाल मौर्य व आरक्षी लालू प्रसाद चौकी सीतापुर द्वारा मुकदमा नंबर 876/12 धारा 25 आर्म्स एक्ट के वारंटी अभियुक्त भोला प्रसाद पुत्र भुण्डा निवासी कैंप का पुरवा कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(7). उ0नि0 श्री अरविन्द्र पाण्डेय, उ0नि0 श्री नीतेश यादव व आरक्षी दीपांकर सिंह, आरक्षी सुजीत कुमार थाना सरधुवा द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 235/14 धारा 147,148,452,323,504,506 भादवि के वारंटी अभियुक्त कुलदीप पुत्र कुंवर चंद्र निवासी ग्राम नैनी थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(8). उ0नि0 श्री शैलेंद्र कुमार सिंह व आरक्षी रोहित आर्य थाना राजापुर द्वारा मुकदमा नंबर 3523/16 धारा 147,148,323,504,506,336 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त भंगूराम पुत्र मेरे लाल निवासी महुआ गांव थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(9). उ0नि0 श्री अखिलेश कुमार ,उ0नि0 श्री दिनेश पांडेय,उ0नि0 श्री रविकांत राय व आरक्षी अंकित शुक्ला,हेड कांस्टेबल रमेश चंद्र थाना रैपुरा द्वारा मुकदमा नंबर 293/19 धारा 323, 323,504,506 भादवि के वारंटी अभियुक्त जगत नारायण का गुड्डू पुत्र रामरथ निवासी भुजौली थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(10). चौकी प्रभारी सरैया उ0नि0 श्री राम आधार सिंह व आरक्षी राजीव सिंह, आरक्षी राज मंगल बिन्द, आरक्षी विनोद कुमार के द्वारा अपराध संख्या 91/15 धारा 389,411 बादवि0 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम व 3 लोक संपत्ति निवारण अधिनियम व 207 मोटर वाहन अधिनियम के वारंटी अभियुक्त विभव तिवारी पुत्र राजनारायण तिवारी निवासी छेरिहाई मजरा गढ़चपा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(11).उ0नि0 श्री कैलाश व आरक्षी तेज सिंह थाना मारकुण्डी द्वारा मु0अ0सं0 3561/17 धारा 35,37,50,59 वन अधिनियम के वारण्टी अभियुक्त रामखेलावन पुत्र स्व0 मोतीलाल निवासी किलाबाग सीतापुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(12). उ0नि0 अभिनव प्रताप सिंह व आरक्षी सचिन यादव द्वारा0सं0 196/23 , मु0नं0 67/18 धारा 323/504/506 भादवि  के वारण्टी अभियुक्त देवराज पुत्र रामसुमेर निवासी ग्राम जमहिल थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(13). अपराध निरीक्षक श्री राजकुमार कोतवाली कर्वी व आरक्षी अनिकेत द्वारा अपराध संख्या 161/2005 धारा 401 भादवि0 के वारंटी अभियुक्त संजय नामदेव पुत्र बदलू नामदेव निवासी बलदाऊगंज कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(14). उ0नि0 श्री अन्ल कुमार वआरक्षी नन्दलाल, आरक्षी गुड्डू यादव द्वारा अ0सं0 02/23 धारा 498ए, 323, 504 भादवि व 3/4 डीपी एक्ट के वारण्टी अभियुक्त महेन्द्र उर्फ रमेश पुत्र बोधन निवासी पियरा मजरा खण्डेहा थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।